/font>

Title: Need to take necessary steps for revival of Heavy Engineering Corporation Ltd., Jharkhand - Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची): अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान एशिया की मदर इन्डस्ट्री कहलाने वाली एच.ई.सी. उपक्रम की दयनीय हालत की तरफ दिलाना चाहता हूं। एक जमाने में एशिया की सबसे बड़ी इन्डस्ट्री, जिसमें 23 हजार आदमी अपने परिवार का लालन-पालन इस उपक्रम की बदोलत करते थे। परन्तु, उपयुक्त व्यवस्था के अभाव में आज 5000 आदमी रह गये हैं और उत्पादन भी नाममात्र का रह गया है जबकि इसमें रेलवे, रक्षा एवं अन्य सरकार उपक्रमों के लिए उपकरण बनते थे। यह उपक्रम अब घाटे वाला बन गया है। मेरी जानकारी में आया है कि 2500 लोगों को और नौकरी से हटाया जा रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है। समय पर मजदूरों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसलिए इस उपक्रम को आर्थिक मदद केन्द्र स्तर पर दिये जाने की आवश्यकता है। साथ ही एच.ई.सी. को व्य वस्थित रूप में नियंत्रित किया जाना भी अति आवश्यक है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि एच.ई.सी. के कार्य को दुरूस्त किया जाये और इसको क्रय आदेश प्राप्त करने हेतु कदम उठाये जायें और इस उपक्रम की उत्पादन प्रक्रिया को तेज किया जाये, जिससे क्रय आदेश को समय पर पूरा किया जा सके। साथ ही इसको केन्द्र सरकार से आर्थिक मदद भी दिलवाई जाये।